Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to confer Bharat Ratna to Social reformers Mahatma Jyotiba Phule and Savitri Bai Phule.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल): अध्यक्ष महोदय, समाज सुधारकों महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले को भारत रत्न देने के बारे में मैं अपनी बात यहां रख रहा हूं ।

महात्मा ज्योति राव फुले का जन्म वर्ष 1827 में पुणे में हुआ था । सत्य शोधक समाज के प्रणेता, भारतीय विचारक, समाज सुधारक, लेखक, ब्रिटिश काल में किसानों की बात रखने वाले और महिलाओं-विधवाओं के कल्याण के लिए काम करने वाले ज्योतिबा फुले ने किसानों की हालत सुधारने के लिए काफी काम किया है । वह एक समाज सुधारक थे । उनकी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले ने जब महिलाएं पढ़ नहीं पाती थीं, बाल विवाह और विधवाओं पर अत्याचार हो रहे थे, तब उनकी शिक्षा के लिए उन्होंने काम किया । उन्होंने अपने घर में स्कूल खोलकर महिलाओं को पढ़ाने का काम किया है । ऐसे समाज सुधारकों महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले को भारत रत्न देने की मैं मांग करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री कृपाल बालाजी तुमाने, श्री प्रतापराव जाधव एवं श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक को श्री श्रीरंग आप्पा बारणे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।